Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of dam in Kaimur district, Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र, सासाराम (बिहार) के कैमूर जिलान्तर्गत सुअरा नदी के बायां दायां तटबंध पर ग्राम-पड़री-पंचकुइयाँ के पास बांध बनाकर अधौरा प्रखण्ड के तेलहार कुण्ड के पानी को जगदहवां बांध में गिराने की शीघ्र आवश्यकता है। इस असिंचित एवं पिछड़े क्षेत्र में सिंचाई का एकमात्र स्रोत जगदहवां बांध ही है। इस संबंध में अनेकों पत्राचार द्वारा आग्रह किया गया है, जिसके आलोक में मुझे अवगत कराया गया है कि बांध के निर्माण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा चुकी है। एस.जी.ई. कंसल्टेंसी को डी.पी.आर. तैयार कर तीन माह के भीतर समर्पित करना था तथा वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर एवं भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है, परन्तु विलम्ब के कारण किसानों में निराशा नजर आने लगी है। वर्षों से सूखाग्रस्त क्षेत्र को जितनी जल्द सिंचाई का साधन/स्रोत उपलब्ध होगा उतना ही किसानों को राहत मिलेगी।

अतः विशेष अनुरोध है कि विशेष अभिरूचि लेकर सरकार यथाशीघ्र उक्त सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्यान्वित करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की आधार पर जाये।